# पाठ 13



## एक शिक्षण बिन्दु

***यीशु चंगा करता है***

यीशु चंगा करता है

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु चंगा करता है***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक छः**। पेज 2-15. *यीशु चंगा करता है*

बच्चों के साथ कहानी पर एक नाटक करें। बताएँ कि हम सभी एक नाटक करने जा रहे हैं 'यीशु चंगा करता है'।

*शुभसन्देश कहानी पुस्तक छः* में पेज 2-15 पर से कहानी पढ़ें और पढ़ते हुए चित्र भी दिखाएँ।

बच्चों से कहानी के बारे में प्रश्न पूछें। यदि कोई बच्चा गलत उत्तर देता है तो यह कहते उसे प्रोत्साहित करें कि तुमने अच्छी कोशिश की लेकिन यह वह उत्तर नहीं है जिसकी मुझे तलाश है। यदि कोई बच्चा सही उत्तर देता है तो कहें, हाँ! बहुत अच्छे! तब तक प्रश्न पूछते रहें जब तक कि कोई बच्चा सही जवाब न दे दे।

नीचे कुछ प्रश्न और उनके उत्तर दिए गए हैं, जो आप उनसे पूछ सकते हैं।

**याईर मदद के लिए किसके पास गया?** यीशु के पास।

**याईर ने यह किस से कहा, 'आकर उसे छू लीजिए और वह चंगी हो जाएगी'?** यीशु से।

**याईर ने यह किस से कहा, 'उसे छू लीजिए, तो वह जीवित रहेगी'?** यीशु से।


**किस ने कहा, 'यीशु के एक स्पर्श ने मुझे चंगा कर दिया है!'?** महिला ने।


**यीशु ने उस लड़की से, जो पहले बीमार थी और फिर मर गई थी, क्या कहा?**
छोटी लड़की, उठो!

**जब यीशु ने मरी हुई लड़की से बात की तो क्या हुआ?**
वह छोटी लड़की जीवित हो गई!

**अन्धेरे को मिटाने की ताकत किस में है?** यीशु के पास।

# पाठ 13





## ऐक्शन गीत

***उस ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु चंगा करता है***

यीशु नाम में चंगाई हमको
हालेलुय्याह
यीशु नाम में उद्धार हमको
हालेलुय्याह

राजाओं का राजा यीशु
हालेलुय्याह
प्रभुओं का प्रभु यीशु
हालेलुय्याह

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि यीशु चंगा करता है***

यीशु चंगा करता है

एक बच्चे को अपना सहायक बनाएँ। उस बच्चे को सामने बुलाएँ और उसे सबकी ओर मुँह और आपकी ओर पीठ करके खड़ा करें। उससे कहें कि वह पीछे की ओर गिरे और आप (शिक्षक) उसे पकड़ ले।

बच्चे को पकड़ने के बाद बताएँ कि बच्चे को पता था कि आप पीछे खड़े हैं और उसने आप पर विश्वास किया। बच्चा जानता था और उसने विश्वास किया कि आप उसे पकड़ लेंगे। इस कहानी के याईर और वह महिला भी ऐसे ही थे। उन दोनों ने यीशु को जाना और उस पर विश्वास किया। वे दोनों जानते थे और उन्होंने विश्वास किया कि यीशु चंगा करता है।

**गवाही दें:** बच्चों को बताएँ और दिखाएँ कि कैसे सृजनहार परमेश्वर ने आपको चंगा किया है। या यदि आप किसी को जानते हैं, जो बीमार था या उसको कोई मानसिक या शारीरिक समस्या थी, लेकिन अब वह चंगा हो चुका है। उनसे कहें कि वे आकर बच्चों बताएँ और सिखाएँ कि कैसे सृजनहार परमेश्वर ने उन्हें चंगा किया है।

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु चंगा करता है***

**लूका 6:19** *'समूची भीड़ उसे छू भर लेने के प्रयत्न में थी क्योंकि उसमें से शक्ति निकल रही थी और उन सब को निरोग बना रही थी!'*

# पाठ 13

यीशु चंगा करता है

### बिना शब्दों वाली प्रतिस्पर्धा

बच्चों की दो टीमें बनाएँ। पहली टीम से कहें कि वे अपने लिए एक टीम लीडर चुनें। पहली टीम का अगुवा सामने आता है। पहली टीम के लीडर को याद किए जाने वाले बाइबल पद का पहला हिस्सा बताएँ, 'समूची भीड़ उसे (यीशु को) छू भर लेने के प्रयत्न में थी' बाकी के बच्चे आपकी आवाज़ न सुन पाएँ। पहले टीम लीडर को याद किए जाने वाले बाइबल पद का (बिना बोले) एक नाटक करने के लिए कहें। पहली टीम के बच्चे कोशिश करते हैं और वाक्य का अनुमान लगाते हैं।

यदि कुछ देर के बाद भी पहली टीम के बच्चे वाक्य का अनुमान नहीं लगा पा रहे हैं, तो दूसरी टीम के बच्चों को कोशिश करने के लिए कहें। यदि दूसरी टीम के बच्चे भी वाक्य का अनुमान न लगा पाएँ तो अनुमान लगाने में मदद करने के लिए बच्चों को कुछ संकेत दें।

जब आप बच्चों को वह वाक्य बता दें या वे स्वयं उसका सही अनुमान लगा लें, तब दूसरी टीम का लीडर सामने आता है। दूसरी टीम के लीडर को याद किए जाने वाले बाइबल पद का दूसरा हिस्सा बताएँ, 'क्योंकि उसमें (यीशु) से शक्ति निकल रही थी' बाकी के बच्चे आपकी आवाज़ न सुन पाएँ।

दूसरे टीम लीडर को याद किए जाने वाले बाइबल पद का (बिना बोले) एक नाटक करने के लिए कहें। दूसरी टीम के बच्चे कोशिश करते हैं और वाक्य का अनुमान लगाते हैं।

यदि कुछ देर के बाद भी दूसरी टीम के बच्चे वाक्य का अनुमान नहीं लगा पा रहे हैं, तो पहली टीम के बच्चों को कोशिश करने के लिए कहें। यदि पहली टीम के बच्चे भी वाक्य का अनुमान न लगा पाएँ तो अनुमान लगाने में मदद करने के लिए बच्चों को कुछ संकेत दें।

जब आप बच्चों को वह वाक्य बता दें या वे स्वयं उसका सही अनुमान लगा लें, बच्चों को याद किए जाने बाइबल पद का अन्तिम भाग बताएँ, 'और उन सब को निरोग बना रही थी!'

अब सब बच्चों से कहें कि वे मिलकर याद किया जाने वाला बाइबल पद बोलें।

## व्यावहारिक प्रयुक्ति


***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु चंगा करता है***

**बच्चों से पूछें कि क्या उनमें से कोई बीमार है और क्या वे चाहते हैं कि यीशु उन्हें चंगा करे?**

जो बच्चे बीमार हैं और चाहते हैं कि यीशु उन्हें चंगा करे, उनसे पूछें कि क्या वे प्रार्थना करवाना चाहते हैं। बच्चों से कहं कि वे सभी बीमार बच्चों के लिए बारी-बारी प्रार्थना करें। परमेश्वर के आत्मा से कहें कि वह प्रार्थना करने में आपकी और बच्चों की अगुवाई करें।

**प्रार्थना:** यीशु के नाम में धन्यवाद और स्तुति करते हुए प्रार्थना के साथ समापन करें।

# पाठ 14






यीशु आपको आज़ाद करता है!

## एक शिक्षण बिन्दु

***यीशु आपको आज़ाद करता है!***

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु आपको आज़ाद करता है!***



**शुभसन्देश कहानी पुस्तक।** पेज 16-21. *मैं आज़ाद हूँ!*


**सामग्री:** चित्रकारी के लिए ब्लैकबोर्ड और चॉक, या मिट्टी और छड़ी, या कागज़ और पेंसिल। बच्चों को भी चित्रकारी के लिए पैड या कागज़, पेंसिल और इरेज़र की आवश्यकता पड़ेगी।

चित्रकारी करें और कहानी सुनाएँ। कहानी सुनाने के बाद बच्चों से एक प्रश्न पूछें।




1, 2, 3 कहानी सुनाना शुरू करें…

एक और दिन, एक और समय, एक और स्थान। मैं यीशु और उसके चेलों को नदी पार जाते हुए देख सकता हूँ। मैं नदी के किनारे पर सूअरों को खड़े हुए देख सकता हूँ।




मैं वहाँ एक आदमी को भी देख सकता हूँ। उस आदमी में बहुत सारी बुरी आत्माएँ हैं। मैं यीशु को उस आदमी के अन्दर की बुरी आत्माओं से यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'इस आदमी में से बाहर निकल आओ और नदी के पास खड़े हुए सूअरों में चली जाओ।' मैं बहुत सारी बुरी आत्माओं को उस आदमी में से बाहर निकलते और नदी के पास खड़े हुए सूअरों में जाते हुए देख सकता हूँ।



मैं सूअरों को दौड़ कर नदी में गिरते हुए देख सकता हूँ। सूअर मर गए हैं। मैं उस आदमी को यीशु के लिए गाते हुए सुन सकता हूँ। मैं यीशु को उस आदमी से यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'जाओ और जाकर सब लोगों को बताओ कि सृजनहार परमेश्वर ने तुम्हारे लिए क्या किया है।'



मैं उस आदमी को सब लोगों से यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'यीशु ने बुरी आत्माओं को मुझ में से निकल जाने को कहा। बुरी आत्माएँ मुझ में से निकल आईं।




यीशु ने मुझे आज़ाद कर दिया है।' यीशु इस जगत की ज्योति है। केवल यीशु के पास ही अन्धेरे को मिटाने की शक्ति है।


सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!



**बच्चों से कहें कि इस कहानी की चित्रकारी करें।**

# पाठ 14





## ऐक्शन गीत

***ऐसे ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु आपको आज़ाद करता है!***

यीशु के नाम में (x2)
फतह हम पाते हैं

यीशु के नाम में (x2)
शैतान दूर भागता है

यीशु मसीह के कादिर नाम का
मुकाबला कौन कर सकता है

यीशु मसीह के कादिर नाम में
हम फतह पाते हैं।

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि यीशु आपको आज़ाद करता है!***

**सामग्री:** रस्सी, आँखों पर बाँधने के लिए एक पट्टी।

दो बच्चों को अपने सहायक बनाएँ। बताएँ कि उनमें से एक बच्चा यीशु होने का अभिनय करेगा (उस बच्चे की ओर इशारा करें) और दूसरा बच्चा ऐसा व्यक्ति होने का अभिनय करेगा जिसमें बहुत सारी बुरी आत्माएँ हैं।

जो बच्चा ऐसा व्यक्ति होने का अभिनय कर रहा है जिसमें बहुत सारी बुरी आत्माएँ हैं, उसे रस्सी से बाँध दें और उसकी आँखों पर पट्टी बाँध दें। समझाएँ कि जिस व्यक्ति में बुरी आत्माएँ होती हैं वह फँसा हुआ होता है और अन्धेरे में खोया हुआ होता है।

जो बच्चा यीशु होने का अभिनय कर रहा है उससे कहें कि वह उस बच्चे पर से, जो ऐसा व्यक्ति होने का अभिनय कर रहा है जिसमें बहुत सारी बुरी आत्माएँ हैं, रस्सी खोल दे और उसकी आँखों से पट्टी भी उतार दे।


जिस बच्चे को यीशु ने आज़ाद कर दिया है, उससे कहें कि वह खुशी के मारे ऊपर-नीचे कूदे और यीशु का धन्यवाद करे।


समझाएँ कि जब यीशु लोगों को आज़ाद करता है तो ऐसा ही होता है। यीशु इस जगत की ज्योति है। अन्धेरे को मिटाने की ताकत केवल यीशु ही के पास है।

यीशु
आपको
आज़ाद
करता है!

# पाठ 14







## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु आपको आज़ाद करता है!***

**यूहन्ना 8:36** *'अतः यदि पुत्र तुम्हें मुक्त करता है तभी तुम वास्तव में मुक्त हो। मैं जानता हूँ तुम इब्राहीम के वंश से हो।'*

**तस्वीर और शब्दों वाला पज़ल:** एक कागज़ पर लिखें 'अतः यदि पुत्र (यीशु)', अब किसी दूसरे कागज़ पर एक तस्वीर बनाएँ जिसमें यीशु सलीब है, अब किसी अन्य कागज़ पर लिखें 'तुम्हें मुक्त करता है', अब किसी दूसरे कागज़ पर एक तस्वीर बनाएँ जिसमें यीशु किसी बँधे हुए व्यक्ति को खोल रहा है, अब किसी अन्य कागज़ पर लिखें 'तभी तुम वास्तव में मुक्त हो।', और अब किसी अन्य कागज़ पर एक आज़ाद व्यक्ति की तस्वीर बनाएँ।

बच्चों के आने से पहले सभी कागज़ों को अलग-अलग स्थानों पर छिपा दें। बच्चों से कहें कि आपके पास उनके लिए एक महत्त्वपूर्ण सन्देश है, जिसे उन्हें ढूँढना होगा। इस इलाके (कमरे, घर, चर्च या गाँव) में 6 कागज़ छिपाए गए हैं, और उनमें से हर एक पर सन्देश का एक हिस्सा लिखा हुआ है।

1, 2, 3 छिपे हुए सन्देश को ढूँढना शुरू करें…

जब बच्चों को सारे 6 कागज़ मिल जाएँ, तो बच्चों से कहें कि वे तस्वीर के साथ शब्दों का मिलान करें। यदि बच्चों ने अभी तक पढ़ना नहीं सीखा है तो आप उनके लिए शब्द बोलें और उन्हें कहें कि वे शब्दों के अनुसार तस्वीर की ओर इशारा करें। अब बच्चों से कहें कि वे इन शब्दों/तस्वीरों को सही क्रम में रखें और याद किए जाने वाले बाइबल पद को तब तक बोलते रहें जब तक कि यह उन्हें याद न हो जाए।

यीशु आपको आज़ाद करता है!


## व्यावहारिक प्रयुक्ति

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु आपको आज़ाद करता है!***

यीशु अन्धेरे को मिटाता है और हमें सब बुरी बातों से आज़ाद कर देता है। यीशु हमारे जीवन में से अन्धेरे को मिटा देता है। यीशु उन सभी बुरी बातों को ले जाता है जो हमें बाँधे रखती हैं और हमें फँसाती हैं। यीशु हमें आज़ाद कर देता है!

**प्रार्थना:** एक या दो बच्चों से पूछें कि क्या वे यीशु का धन्यवाद करते हुए प्रार्थना करना चाहेंगे कि यीशु ने हमें सारी बुरी बातों से आज़ाद कर दिया है।

# पाठ 15





## एक शिक्षण बिन्दु

***यीशु के लहू का बलिदान हमें बचाता है***

## बाइबल में से कहानी

यीशु के लहू का बलिदान हमें बचाता है

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु के लहू का बलिदान हमें बचाता है***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक छः।** पेज 22-34. *यीशु बचाता है।*

पेज 22-34 पर दी गई कहानी को बच्चों के लिए पढ़ें, और पढ़ते हुए *शुभसन्देश कहानी पुस्तक छः* में से बच्चों को चित्र भी दिखाएँ।

बच्चों से कहानी के बारे में प्रश्न पूछें। यदि कोई बच्चा गलत उत्तर देता है तो यह कहते उसे प्रोत्साहित करें कि तुमने अच्छी कोशिश की लेकिन यह वह उत्तर नहीं है जिसकी मुझे तलाश है। यदि कोई बच्चा सही उत्तर देता है तो कहें, हाँ! बहुत अच्छे! तब तक प्रश्न पूछते रहें जब तक कोई बच्चा सही उत्तर न दे दे।

नीचे कुछ प्रश्न और उनके उत्तर दिए गए हैं, जो आप उनसे पूछ सकते हैं।

**कुछ कारण बताइए कि यीशु ने अपना जीवन लहू के बलिदान के रूप में क्यों दे दिया?**


हमारे सारे बुरे कामों के लिए।
हमारी सज़ा अपने ऊपर ले लेने के लिए।
अन्धेरे को मिटाने के लिए।
हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाने के लिए।
क्योंकि वह हमसे प्रेम करता है।


**यीशु की मृत्यु कैसे हुई?**
यीशु को एक सलीब पर कीलों से जड़ दिया गया था।

**जिस कब्र में यीशु को दफ़नाया गया था, वह खाली क्यों थी?** यीशु जीवित है!

**यीश ने अपने अनुयायियों से क्या करने के लिए कहा?**
जाकर सब लोगों को खुशखबरी सुनाओ! यीशु आप से प्रेम करता है। यीशु आपके लिए मरा और अब वह जीवित है, वह आपको हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाना चाहता है।


# पाठ 15





## ऐक्शन गीत

***ऐसे ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु के लहू का बलिदान हमें बचाता है***



यीशु ने अपना खून बहाके
मुझे बचा लिया (x2)
क्यों न मैं गाऊँगा
गीत उसी का
मुझे बचा लिया (x2)

सेवा करेंगे प्यारे प्रभु की
जैसा कि उसने कहा (x2)
क्यों न मैं गाऊँगा
गीत उसी का
मुझे बचा लिया।



## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि यीशु के लहू का बलिदान हमें बचाता है***

एक उबला हुआ अण्डा लें, जो पूरी तरह सख़्त हो चुका हो और उसका छिलका न उतारें। बच्चों से कहें कि वे आकर अण्डे को छूएँ।

**कौन मुझे बता सकता है कि सबसे पहले आदमी और औरत ने कौन सा गलत काम किया था?**


जब बच्चे जवाब देते हैं, तो सही जवाब को अण्डे के ऊपर परमानेण्ट मार्कर से लिख दें। शब्दों को एक दूसरे के ऊपर लिखते जाएँ ताकि अण्डा गन्दा दिखने लग जाए।

यीशु के लहू का बलिदान हमें बचाता है

**उत्तर:** सबसे पहले आदमी और औरत ने परमेश्वर की बात नहीं मानी। सबसे पहले आदमी और औरत ने बुरी आत्मा की बात मानी। सबसे पहले आदमी और औरत ने वही किया जिसकी मनाही सृजनहार परमेश्वर ने की थी।

**समझाएँ:** सृजनहार परमेश्वर को जानने से पहले हमारे हृदय की अवस्था इस अण्डे जैसी थी। सृजनहार परमेश्वर को जानने से पहले हमारा हृदय इस अण्डे के कठोर छिलके जैसा था। सृजनहार परमेश्वर को जानने से पहले हम बुरी आत्मा की बात मानते थे और सृजनहार

# पाठ 15



यह अण्डा हमें याद दिलाता है कि सृजनहार परमेश्वर ने हमारे लिए क्या किया है। (उबले हुए अण्डे का छिलका उतारना शुरू करें।)

**यीशु के लहू का बलिदान हमें बचाता है**

समझाएँ कि सृजनहार परमेश्वर ने यीशु के द्वारा हमें हमारे सारी बुरी बातों, विचारों और कामों—जो हमने सृजनहार परमेश्वर और लोगों कि खिलाफ किए—से बचा लिया है। सृजनहार परमेश्वर और लोगों के खिलाफ हमारी सारी बुरी बातों, विचारों और कामों को यीशु ने ऐसे हटा दिया है जैसे मैं इस अण्डे का छिलका उतार रहा हूँ।

सृजनहार परमेश्वर आपको और मुझे हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाने के लिए नन्हें बालक के रूप में आया। उसका नाम यीशु है। यीशु ने इस पृथ्वी पर अपने जीवन भर लोगों को सृजनहार परमेश्वर के बारे में बताया, कि वह उनसे कितना प्रेम करता है और चाहता है सब जीवित रहें। पर यीशु हमारे लिए केवल जीया ही नहीं बल्कि हमारे लिए मरा भी। यीशु हमारे लिए इसलिए मरा क्योंकि हम सभी बुरी बातें बोलते, सोचते और बुरे काम करते हैं।

जब यीशु सलीब पर हम सब के लिए मरा तो उसने हमारे सारे बुरे कामों को उठा लिया और हमारी सारी बुरी बातों, विचारों और कामों—जो हमने सृजनहार परमेश्वर और लोगों के खिलाफ किए—की सारी सज़ा उसने अपने ऊपर ले ली। लेकिन वह मरा नहीं रहा। तीन दिन के बाद वह जी उठा और अब स्वर्ग में है। हालेलुयाह!


**अब यह अण्डा कैसा दिखता और कैसा महसूस होता है?**
जब हम यीशु पर और उसके द्वारा किए गए काम पर विश्वास करते हैं और उसके लहू के बलिदान के उपहार को स्वीकार करते हैं, तो हमारे हृदय के साथ भी ऐसा ही होता है।

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु के लहू का बलिदान हमें बचाता है***

**यूहन्ना 3:16** *'परमेश्वर को जगत से इतना प्रेम था कि उसने अपने एकमात्र पुत्र को दे दिया, ताकि हर वह आदमी जो उसमें विश्वास रखता है, नष्ट न हो जाये बल्कि उसे अनन्त जीवन मिल जाये।'*

# पाठ 15



**मेरे जैसे करो:** याद किए जाने वाले बाइबल पद को बोलें और ऐक्शन करें। जब बच्चे याद किया जाने वाला बाइबल पद और ऐक्शन सीख लें, तो उनसे कहें कि वे आपको देख कर आपके जैसे करें। तब तक दोहराते रहें जब तक बच्चे याद किए जाने वाले बाइबल पद को और ऐक्शन को सीख न जाएँ और आपके बिना करने न लग जाएँ।

परमेश्वर को <ऐक्शन: ऊपर की ओर उँगली से इशारा करें>, जगत से इतना प्रेम था <ऐक्शन: पहले बाँहें चारों ओर फैलाएँ और फिर छाती से लगाएँ>, कि उसने अपने एकमात्र पुत्र (यीशु) को <ऐक्शन: ऊपर की ओर उँगली से इशारा करें>, दे दिया, <ऐक्शन: हाथों से देने का इशारा करें>, ताकि हर वह आदमी जो <ऐक्शन: बाँहें फैलाएँ>, उसमें (यीशु में) <ऐक्शन: ऊपर की ओर उँगली से इशारा करें>, विश्वास रखता है, <ऐक्शन: दिमाग और दिल की ओर इशारा करें> नष्ट न हो जाये <ऐक्शन: आँखें घुमाएँ>, बल्कि उसे अनन्त जीवन मिल जाये। < ऐक्शन: हाथों को धीरे-धीरे घुमाते हुए ऊपर की ओर ले जाएँ>।

## व्यावहारिक प्रयुक्ति

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु के लहू का बलिदान हमें बचाता है***

यह जान लेने, कि सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता है और उसने यीशु के द्वारा हमें हमारे सारे बुरे कामों, हमारी सारी बुरी बातों, और विचारों—जो हमने सृजनहार परमेश्वर और लोगों के खिलाफ किए—से बचा लिया है, का अर्थ यह है कि हम हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए जीवित रहेंगे! यीशु ने हमें बचा लिया है का अर्थ यह है कि हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए माफी मिल गई है। यीशु ने हमें बचा लिया है का अर्थ यह है कि सृजनहार परमेश्वर की नज़र में हम हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए साफ हो चुके हैं। यीशु ने हमें बचा लिया है का अर्थ यह है कि हम हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए सृजनहार परमेश्वर की सन्तान बन चुके हैं। हालेलुयाह!


**प्रार्थना:** सृजनहार परमेश्वर, आपका धन्यवाद कि आप मुझसे प्रेम करते हैं। यहाँ तक कि जब मैं आपके या लोगों के विरुद्ध कुछ करता हूँ, तब भी आप मुझे हमेशा, हमेशा, हमेशा प्रेम करते हैं। आपका धन्यवाद, कि आप मुझे मेरे सारे बुरे कामों, मेरी सारी बुरी बातों, और विचारों—जो मैंने आपके और लोगों के खिलाफ किए—से बचाने आए।

सृजनहार परमेश्वर, मेरी मदद करें कि मैं हर दिन आपको और आपने मेरे लिए जो कुछ किया है उसे ज़्यादा से ज़्यादा जानूँ। आप पर विश्वास और भरोसा रखने में मेरी सहायता करें। दूसरों को आपके बारे में और आपके किए कामों के बारे में बताने में सहायता करें।

यीशु के नाम में मैं प्रार्थना माँगता हूँ। आमीन।

यीशु के
लहू का
बलिदान
हमें बचाता है

# पाठ 16



## एक शिक्षण बिन्दु

***यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!***

यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक छः।** पेज 36-40. *यीशु जीवित है!*

**सामग्री:** चित्रकारी के लिए ब्लैकबोर्ड और चॉक, या मिट्टी और छड़ी, या कागज़ और पेंसिल। बच्चों को भी चित्रकारी के लिए पैड या कागज़, पेंसिल और इरेज़र की आवश्यकता पड़ेगी।


चित्रकारी करें और कहानी सुनाएँ। कहानी सुनाने के बाद बच्चों से एक प्रश्न पूछें।

1, 2, 3 कहानी सुनाना शुरू करें…

कई वर्ष बीत गए। मैं एक आदमी को देख सकता हूँ। उसका नाम यूहन्ना है।



मैं यूहन्ना को यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'मैं यीशु को ऊपर आकाश में देख सकता हूँ। उसकी आँखें आग जैसी हैं!' मैं यीशु को एक सफेद घोड़े पर आते हुए देख सकता हूँ। उसका नाम परमेश्वर का वचन है। मैं यीशु के वस्त्रों पर ये शब्द देख सकता हूँ, राजाओं का राजा और प्रभुओं का प्रभु! मैं सब जातियों के लोगों को यीशु के लिए गाते हुए देख सकता हूँ। मैं सब आत्माओं को यीशु के लिए गाते हुए देख सकता हूँ। मैं सारी सृष्टि को यीशु के लिए गाते हुए देख सकता हूँ।



मैं सृजनहार परमेश्वर को यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'मेरे लोगों को हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया गया है। अब मृत्यु नहीं। अब आँसू नहीं। अब उदासी नहीं। अब पीड़ा नहीं। मैंने सबकुछ नया बना दिया है।'




मैं यीशु को यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'देखो, मैं जल्दी ही वापिस आ रहा हूँ। मैं ही वह अनन्त हूँ। मैं यीशु हूँ। मैं तुमसे प्रेम करता हूँ। मैंने तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है।

**बच्चों से कहें कि इस कहानी की चित्रकारी करें।**

# पाठ 16

**बच्चे कहानी दोहराते हैं:** हर एक बच्चे को 1 और 2, 1 और 2, 1 और 2, 1 और 2, 1 और 2, 1 और 2 नम्बर दें। 1 नम्बर वाले बच्चे को 2 नम्बर वाले बच्चे के साथ जोड़ा बनाना है। जिस बच्चे को 1 नम्बर मिला है वह उस 2 नम्बर वाले बच्चे को कहानी बताए जिसके साथ उसने जोड़ा बनाया है। जब सभी कहानी सुना लें तब जिस बच्चे को 2 नम्बर मिला है वह उस 1 नम्बर वाले बच्चे को कहानी बताए जिसके साथ उसने जोड़ा बनाया है। जब सब बच्चे कहानी सुना लें तब सभी एक समूह में फिर से इकट्ठे हो जाएँ।



## ऐक्शन गीत

***ऐसे ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!***

यीशु मुझसे करता प्यार

बाइबल मे है समाचार

मैं हूँ निर्बल वह बलवान

बच्चों पर है दयावान.

प्यार करता मुझसे (x3)

है यह सत्य समाचार

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!***

**सामग्री:** स्लेट और लाल चॉक (या यदि लाल चॉक न मिले तो सफेद चॉक ले लें)।

बच्चों को समझाएँ कि यह स्लेट हमारे हृदय के अन्धेरे को दर्शाती है। ऐसा उन सभी बुरी बातों, कामों और विचारों के कारण है जो हमने सृजनहार परमेश्वर और लोगों विरुद्ध किए हैं।

अब देखो…चॉक से पूरी स्लेट को रंग दीजिए।

समझाएँ कि यह यीशु के लहू के बलिदान को दर्शाता है। यीशु का लहू सारे बुरे कामों को ढक लेता है। जो यीशु ने किया है उसे कोई नहीं मिटा सकता। उसने ऐसा कर दिया है और आप हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए ढके जा चुके हैं। यीशु ने हमे हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है क्योंकि यीशु हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए जीवित है।

यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!

# पाठ 16

यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!***

बताएँ कि सृजनहार परमेश्वर का एक और नाम यहोवा है।

**प्रकाशित वाक्य 1:18** *'और मैं ही वह हूँ, जो जीवित है। मैं मर गया था, किन्तु देख, अब मैं सदा-सर्वदा के लिए जीवित हूँ। मेरे पास मृत्यु और अधोलोक की कुंजियाँ हैं।'*

**याद रखने वाली प्रतिस्पर्धा:** बच्चों को तीन लाइनों में खड़ा करें। हर एक लाइन में सबसे छोटे बच्चे को सबसे आगे और सबसे लम्बे बच्चे को सबसे पीछे खड़ा करें।

पहली लाइन में सबसे आगे खड़े बच्चे के कान में धीरे से बोलें और उसे कहें कि अब वह अगले बच्चे के कान में इसी तरह धीरे से बोले, 'और मैं ही वह हूँ, जो जीवित है।'। बच्चों से कहें कि जब वे शब्द सुनें तो वे अगले बच्चे के कानों में धीरे से वे शब्द बोल दें। ऐसा तब तक होता रहेगा जब तक कि आखरी बच्चा इन शब्दों को न सुन ले।

दूसरी लाइन में सबसे आगे खड़े बच्चे के कान में धीरे से बोलें और उसे कहें कि अब वह अगले बच्चे के कान में इसी तरह धीरे से बोले, 'मैं मर गया था, किन्तु देख, अब मैं सदा-सर्वदा के लिए जीवित हूँ।' बच्चों से कहें कि जब वे शब्द सुनें तो वे अगले बच्चे के कानों में धीरे से वे शब्द बोल दें। ऐसा तब तक होता रहेगा जब तक कि आखरी बच्चा इन शब्दों को न सुन ले।

तीसरी लाइन में सबसे आगे खड़े बच्चे के कान में धीरे से बोलें और उसे कहें कि अब वह अगले बच्चे के कान में इसी तरह धीरे से बोले, 'मेरे पास मृत्यु और अधोलोक की कुंजियाँ हैं।' बच्चों से कहें कि जब वे शब्द सुनें तो वे अगले बच्चे के कानों में धीरे से वे शब्द बोल दें। ऐसा तब तक होता रहेगा जब तक कि आखरी बच्चा इन शब्दों को न सुन ले।

पहली लाइन में सबसे पीछे खड़े बच्चे से कहें कि वह सामने आए और जो शब्द उसने सुनें हैं उन्हें ज़ोर से बोले। पहली लाइन के बच्चों से पूछें कि क्या इसने सही शब्द बोले हैं? यदि उसके शब्द सही हैं तो उस टीम को एक अंक दीजिए, लेकिन यदि शब्द सही नहीं हैं तो उस टीम को कोई अंक न दीजिए। सभी बच्चों को सही शब्द बताएँ।

दूसरी लाइन में सबसे पीछे खड़े बच्चे से कहें कि वह सामने आए और जो शब्द उसने सुनें हैं उन्हें ज़ोर से बोले। दूसरी लाइन के बच्चों से पूछें कि क्या इसने सही शब्द बोले हैं? यदि उसके शब्द सही हैं तो उस टीम को एक अंक दीजिए, लेकिन यदि शब्द सही नहीं हैं तो उस टीम को कोई अंक न दीजिए। सभी बच्चों को सही शब्द बताएँ।

तीसरी लाइन में सबसे पीछे खड़े बच्चे से कहें कि वह सामने आए और जो शब्द उसने सुनें हैं उन्हें ज़ोर से बोले। तीसरी लाइन के बच्चों से पूछें कि क्या इसने सही शब्द बोले हैं? यदि उसके शब्द सही हैं तो उस टीम को एक अंक दीजिए, लेकिन यदि शब्द सही नहीं हैं तो उस टीम को कोई अंक न दीजिए। सभी बच्चों को सही शब्द बताएँ।

पहली लाइन के बच्चों से कहें कि वे सब एक साथ ये शब्द बोलें, 'और मैं ही वह हूँ, जो जीवित है।'

दूसरी लाइन के बच्चों से कहें कि वे एक साथ ये शब्द बोलें, 'मैं मर गया था, किन्तु देख, अब मैं सदा-सर्वदा के लिए जीवित हूँ।'

तीसरी लाइन के बच्चों से कहें कि वे एक साथ ये शब्द बोलें, 'मेरे पास मृत्यु और अधोलोक की कुंजियाँ हैं।'

यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!

## व्यावहारिक प्रयुक्ति


***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु ने हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया है!***

यीशु हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए जीवित है, इसका अर्थ यह है कि हमें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लिया गया है। अब हम इस ज्ञान के साथ जीते हैं कि यीशु वापिस आ रहा है और हम उसके साथ हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए जीएँगे। यीशु ने सब कुछ नया बना दिया है। मृत्यु नहीं। आँसू नहीं। उदासी नहीं। दर्द नहीं। हालेलुयाह!

**प्रार्थना:** बच्चों में से किसी एक को प्रार्थना करने के लिए कहें।

**पुरस्कार:** हर एक बच्चे को शुभसन्देश कहानी पुस्तक छः की एक-एक कॉपी रखने के लिए दे दीजिए। हर एक बच्चे को शुभसन्देश कहानी पुस्तक छः पढ़ने में मदद कीजिए।

# पाठ की तैयारी करना



बाइबल की कहानियों में से अपने पाठ आप तैयार करें।

हर एक पाठ में आप कितना सिखाएँ, यह इस पर निर्भर करता है कि बच्चों के साथ आपका समय कितना है। हर एक पाठ में कम से कम एक कहानी, एक ऐक्शन गीत और एक शिक्षण बिन्दु सिखाने वाली एक व्यावहारिक प्रयुक्ति अवश्य शामिल हो।

**कदम 1:** जिन बच्चों में आप काम कर रहे हैं उनके लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि परमेश्वर आपके हृदय और उनके हृदय को सीखने के लिए तैयार करे। प्रार्थना करें कि परमेश्वर सिखाने के लिए नए पाठ तैयार करने में आपकी सहायता करे।

**कदम 2:** बाइबल में से कहानी तब तक पढ़ें जब तक कि यह आपको याद न हो जाए।

**कदम 3:** कहानी को सरल और मज़ेदार तरीके से सुनाने का अभ्यास करें, ताकि बच्चों को मज़ा आए।

**कदम 4:** आपने जो कहानी चुनी है उसमें से एक शिक्षण बिन्दु को निर्धारित करें।

**कदम 5:** तैयारी करें कि आप कहानी कैसे सुनाएँगे और इसमें बच्चों को कैसे शामिल करेंगे। उदाहरण: किसी नाटक के माध्यम से कहानी सुनाएँ, या चित्रकारी करके कहानी सुनाएँ, या कहानी के अनुसार अलग-अलग आवाज़ें निकालने या पीछे-पीछे बोलने के द्वारा बच्चों को इसमें शामिल करें।


**कदम 6:** एक ऐक्शन गीत तैयार करें जो कहानी के एक शिक्षण बिन्दु को सिखाता हो। यदि आप ऐसे किसी ऐक्शन गीत को नहीं जानते हैं जो कहानी के एक शिक्षण बिन्दु को सिखाता हो, तो कुछ सरल शब्द लिखें और उन्हें किसी जानी पहचानी धुन पर गाएँ और उनके अनुसार कुछ ऐक्शन करवाएँ।

**कदम 7:** यह भी निर्धारित करें कि इस एक शिक्षण बिन्दु को सीखने के बाद उसकी प्रयुक्ति अपने जीवन में कैसे की जाएगी।

**कदम 8:** यदि आपके पास पर्याप्त समय है, तो आप किसी वस्तु के द्वारा सिखाए जाने वाले पाठ को और/या बाइबल पद याद करने का एक खेल भी शामिल कर सकते हैं। इसके लिए आप इस पुस्तिका में बताए गए किसी भी तरीके का उपयोग कर सकते हैं, या अपने किसी तरीके का उपयोग भी कर सकते हैं।

**कदम 9:** पाठ शुरू करें और परमेश्वर को अपने और बच्चों के हृदय में काम करने दें। सबसे बढ़कर, बच्चों के साथ अपने समय को अपने लिए और बच्चों के लिए मज़ेदार बनाएँ।

# प्रार्थना





## प्रार्थना

**इफिसियों 3:16-19** *'मैं प्रार्थना करता हूँ कि वह महिमा के अपने धन के अनुसार अपनी आत्मा के द्वारा तुम्हारे भीतरी व्यक्तित्व को शक्तिपूर्वक सुदृढ़ करे। और विश्वास के द्वारा तुम्हारे हृदयों में मसीह का निवास हो। तुम्हारी जड़ें और नींव प्रेम पर टिकें। जिससे तुम्हें अन्य सभी संत जनों के साथ यह समझने की शक्ति मिल जाये कि मसीह का प्रेम कितना व्यापक, विस्तृत, विशाल और गम्भीर है। और तुम मसीह के उस प्रेम को जान लो जो सभी प्रकार के ज्ञानों से परे है ताकि तुम परमेश्वर की सभी परिपूर्णताओं से भर जाओ।'*

